**दिनांक 24.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of Proposed JEEVIKA Head Quarter Building at Patna (ON EPC BASIS) कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर विचारार्थ विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाहीः-**

**उपस्थितिः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

**कार्यवाहीः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Construction of Proposed JEEVIKA Head Quarter Building at Patna (ON EPC BASIS)** |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹73.6615 करोड़ (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का पत्रांक 4585340 दिनांक 11.09.2025) |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | - | EPC आधारित |
| 4. | प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु कर्णांकित राशि | - | ₹71,88,30,757.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 09.12.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 18(अठारह)माह |
| 7. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 24.12.2025 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 16.01.2026 |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि, समय एवं स्थान | - | दिनांक 07.01.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 06.01.2026 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | निविदा टेन्डर आई0डी0 | - | 120960 एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 11. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | 019274(BCD)2025-26 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** BPC INFRAPROJECTS PVT. LTD., UNIT-11, GALAXIA MALL, 2ND FLOOR, PISKA MORE, RATU ROAD, RANCHI-834005, JHARKHAND<br>**(II)** ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202. VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001<br>**(III)** B.RAI CONSTRUCTION COMPANY. GUPTESHWAR COMPLEX, BEKAR BANDH, DHANBAD-826001, JHARKHAND<br>**(IV)** Dipanshu Promoter & Builder Pvt. Ltd., 28. Vatika Apattment, Line Tank Road, Ranchi-83400<br>**(V)** SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED., MIG HOUSE NO.-H1-165. HARMU HOUSING COLONY, NEAR KADRU MORE, RANCHI-834002, JHARKHAND |

13. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य की यह प्रथम निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त पाँच निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। पाँचों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 43 अनु0 दिनांक 20.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक-06.02.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद हेतु दिनांक-13.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर कार्यवाही को रखा गया।

14. **प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

14.1 **निविदाकार ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001 के द्वारा प्राप्त आपत्ति :-**

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर आपत्तिकर्ता निविदाकार ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001 ने अपने पत्रांक-ADPL/2025-26/BCD/NIT-4/Objection/02 दिनांक 12.02.2026 एवं ईमेल के माध्यम से दिनांक 12.02.2026 को अपराह्न 09:43 बजे तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर लिखित आपत्ति दिया गया है। प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत् है:-

| निविदाकार **ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD., 202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001** द्वारा आपत्ति | प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| **1- सादर समर्पित करना चाहेंगे** कि हमें तकनीकी मूल्यांकन में नन रेस्पॉन्सिव घोषित करने का उपरोक्त कारण यथोचित नहीं है। इस संबंध में भवदीय को अवगत करना चाहेंगे कि विषयांकित निविदा के तकनीकी अहर्ता में qualify करने हेतु हमारे द्वारा Construction of Bihar Sadan at Dwarka, New Delhi ( in JV in which JV percentage of bidder is 49%) कार्य अनुभव के आधार पर निविदा समर्पित की गई है जो कि Technical eligibility criteria के कंडिका 7 (i), (ii) & (iii) के सभी शर्तों को पूर्ण करती है। हमारे द्वारा निविदा में उपरोक्त कार्य अनुभव के आधार पर Technical eligibility criteria के कंडिका 7 (i) में अंकित Satisfactorily completed one work of not less than 80% के आधार पर भाग लिया गया है।<br>विवरण:-<br>(i) कार्य समाप्ति की तिथि :- 15.06.2021<br>(ii) कार्य समाप्ति तक कार्य का वास्तविक राशि - 82,74,01,802.00<br>(iii) Adyaraj Developers Pvt. Ltd. की भागीदारी (49 प्रतिशत) :- 40,54,26,883.00<br>(iv) अभियंता प्रमुख के पत्रांक 7291 (भ) दिनांक: 08.08.2019 के आलोक में escalated value (40,54,26,883 X 1.46) :- 59,19,23,249.20<br>(v) आमंत्रित निविदा की राशि :- ₹71,88,30,757.00<br>(vi) एक समान प्रकृति का कार्य 80 प्रतिशत :- 57,50,64,605.60<br><br>उपरोक्त विवरणी से यह स्पष्ट है कि हमारे द्वारा एक मात्र कार्य Construction of Bihar Sadan at Dwarka, New Delhi ( in JV in which JV percentage of bidder is 49%) के कार्य अनुभव प्रमाण पत्र से हीं वांछित तकनीकी अहर्ता की राशि पूर्ण हो जाती है।<br>जहाँ तक तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा यह उल्लेखित किया गया है उक्त कार्य के कार्य अनुभव प्रमाण पत्र में STP कार्य का अनुभव अंकित नहीं पाया गया, इस संबंध में भवदीय को सादर अवगत करना चाहेंगे कि विषयांकित निविदा के Technical eligibility criteria के कंडिका 7 में हीं स्पष्ट | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा आपत्ति के इस बिन्दु पर विस्तृत समीक्षा की गयी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने आमंत्रित निविदा के निविदाकार M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के E-Tender Module में अपलोड किये गये समान प्रकृति के कार्य अनुभव हेतु Construction of Bihar Sadan at Dwaraka, New Delhi कार्य में STP कार्य का वांछित अनुभव अंकित नहीं पाया गया। विदित हो कि आमंत्रित निविदा अन्तर्गत निविदाकार द्वारा E-Tender module में अपलोड किये गये अभिलेखों का हीं तकनीकी मूल्यांकन किया जाता है एवं अपलोड किये गये अभिलेखों के अलावे अलग से कोई अन्य अभिलेख/ प्रमाण-पत्र तकनीकी मूल्यांकन हेतु वैध नहीं होते हैं।<br><br>परिवादी ने परिवाद पत्र में स्वयं स्वीकार किया है कि Construction of Bihar Sadan at Dwarka, New Delhi कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र में भूलवश STP, WTP का अनुभव अंकित नहीं किया गया है।<br><br>इस प्रकार निविदाकार M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD के द्वारा समर्पित किये गये आपत्ति के इस बिन्दु को सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा खारिज किया जाता है एवं इस संबंध में अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखा जाता है। |

**2- सादर समर्पित करना चाहेंगें** कि उपरोक्त कारण के आधार पर हमें तकनीकी मूल्यांकन में नन-रिस्पॉन्सिव घोषित किया जाना उचित नहीं है। इस संबंध में भवदीय को सूचित करना चाहेंगें कि Technical eligibility criteria की कंडिका - 7 (c) iii अंतर्गत मांगे गये Panel of three consultants में विषयांकित निविदा में हमारे द्वारा तीन consultants (i) Meinhardt Singapore Pvt. Ltd., (ii) Arc Test House & Construction LLP. एवं (iii) M/s Kothari Associates Pvt. Ltd. का सहमति पत्र एवं अभिलेख समर्पित किये गये हैं। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन में यह अंकित किया गया है कि "Kothari Associates Pvt. Ltd. का अनुभव प्रमाण-पत्र के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक 30.11.2025 से पिछले पाँच वर्ष के पूर्व का पाया गया, जबकि सभी समान प्रकृति कार्य अनुभव पिछले पाँच वर्षों के अंतर्गत दिनांक 30.11.2025 तक हीं वांछित है।" इस संबंध में भवदीय को सादर समर्पित करना चाहेंगें कि विषयांकित निविदा के Technical eligibility criteria में परामर्शी के अनुभव के लिए कहीं भी कोई निर्धारीत अवधि अंकित नहीं किया गया है। अवलोकन हेतु परामर्शी से संबंधित Technical eligibility criteria के कंडिकां 7 (C) (iii) में वांछित प्रावधान निम्नवत प्रस्तुत की जा रही है:-

7 (C) (iii) The contracting Firm/Agency should have to submit list of consultancy firms (A panel of three consultants) having Architect, Structural Designer, MEP experts, VRV/VRF/HVAC Expert, Interior Designer / Consultant etc. along with their consent letter to do work till completion.

Consultancy firms must have experience of similar nature of work in their respective field. They have to submit successful completion of work in their respective field, Completed three similar projects each costing not less than 40% (forty percent) of the estimated cost or completed two similar projects each costing not less than 60% (sixty percent) of the estimated cost or completed one similar projects costing not less than 80% (Eighty percent) of the estimated cost.

Completed Project in case of consultant shall mean that the consultant has completed the consultancy work and accepted by the client and the construction work is started (Certificate for the same has to be attached).

After the award of work to construction agency, presentation will be made by all 3 consultancy firms in panel to Building Construction Deptt. and based on presentation one consultancy firm will be finalised. Contracting firm/agency shall upload the experience certificate for work done of completed projects of the consultancy firms.

Consultancy firms have to give experience certificate of work done of the completed project of three similar works each costing not less than 40% (forty percent) of the estimated cost or completed two similar works each costing not less than 60% (sixty percent) of the estimated cost or completed one similar work costing not less than 80% (eighty percent) of the estimated cost. The completion Certificate shall be

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा आपत्ति के इस बिन्दु पर विस्तृत समीक्षा की गयी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के Technical Eligibility Criteria के कंडिका-7(c) अंतर्गत मांगे गये "The contracting Firm/Agency should have satisfactorily completed similar works as a Prime contractor during the last Five years, (ending on 30th November 2025) ending last day of month previous to the one in which application are invited should be either of the following :-......" का निविदा शर्त, Technical Eligibility Criteria के कंडिका-7(c) के विभिन्न खंडों यथा-7(c)(i),(ii),(iii) के अर्हता पर समान रूप से लागू है।

आमंत्रित निविदा के निविदाकार M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के Technical Eligibility Criteria के कंडिका-7c(iii) अंतर्गत मागे गये The contracting Firm/Agency should have to submit list of consultancy firms (A panel of three consultants) having Architect, Structural Designer, MEP experts, VRV/VRF/HVAC Expert, Interior Designer / Consultant etc. along with their consent letter to do work till completion. Completed Project in case of consultant shall mean that the consultant has completed the consultancy work and accepted by the client and the construction work is started (Certificate for the same has to be attached) हेतु समर्पित अभिलेख अंतर्गत 3(तीन) परामर्शी के पैनल में से एक परामर्शी Kothari Associates Pvt. Ltd. का अनुभव प्रमाण-पत्र के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक 30.11.2025 से पिछले पाँच वर्ष के पूर्व का पाया गया, जबकि सभी समान प्रकृति कार्य अनुभव पिछले पाँच वर्षों के अंतर्गत दिनांक 30.11.2025 तक ही वांछित है। विदित हो कि आमंत्रित निविदा अन्तर्गत निविदाकार द्वारा E-Tender module में अपलोड किये गये अभिलेखों का हीं तकनीकी मूल्यांकन किया जाता है एवं अपलोड किये गये अभिलेखों के अलावे अलग से कोई अन्य अभिलेख/ प्रमाण-पत्र तकनीकी मूल्यांकन हेतु वैध नहीं होते हैं।

इस प्रकार निविदाकार M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD के द्वारा समर्पित किये गये आपत्ति के इस बिन्दु को सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा खारिज किया जाता है एवं इस संबंध में अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखा जाता है।

| | |
|---|---|
| रूप से अंकित है कि तकनीकी अहर्ता के पुष्टि के लिए further clarification की मांग की जा सकती है। <br>"The completion certificate shall be issued by employer not below the rank of Executive Engineer or Senior Project Manager. In case of private client the completion certificate issued by employer should be evaluated & certified by retired Executive Engineer/ Registered valuer of Nationalized Bank/ Insurance company/Income tax deptt. In case of Private Building completion certificate, it is essential that more than 50% of area of said private building is occupied or in use for more than one month and the same should be certified by above mentioned officer. In this regard clarifications as per need may be asked. The bidders shall have to also submit good quality digital photographs of the completed projects." <br>भवदीय इस तथ्य से पूर्णतः अवगत हैं कि बिहार सदन, द्वारका, नई दिल्ली का निर्माण कार्य हमारे द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है एवं इस कार्य में STP, WTP और Landscaping इत्यादि का कार्य भी सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है। यह कार्य भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत हीं है एवं निर्माण कार्य के दौरान कई बार भवदीय के द्वारा निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण भी किया गया है। उपरोक्त निष्पादित कार्य, कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमण्डल 2, भवन निर्माण विभाग के द्वारा निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र में उल्लेखित भी है। समय-समय पर आवश्यकतानुसार कार्य की राशि एवं मात्रा का पूर्णता प्रमाण-पत्र संबंधित कार्यपालक अभियंता के द्वारा निर्गत किया गया है। कार्य की राशि में बढ़ोतरी के कारण कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमण्डल संख्या-2, भवन निर्माण विभाग केद्वारा पत्रांक 1261 दिनांक 23.07.2025 द्वारा निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र में संभवतः भूलवश STP एवं WTP अंकित नहीं किया गया है जबकि पूर्व में पत्रांक 152 दिनांक 29.01.2024 (दो पृष्ठ) के द्वारा निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र में सभी कार्य अंकित हैं। (दिनांक 29.01.2024 को निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भवदीय के अवलोकन हेतु संलग्न है। दिनांक 29.01.2024 को निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र के अवलोकन मात्र से यह स्पष्ट है कि STP कार्य हमारे द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए हैं। कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमण्डल सं0-2, भवन निर्माण विभाग के द्वारा निर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र दिनांक 29.01.2024 पूर्व में भी हमारे द्वारा भवन निर्माण विभाग के कई विभिन्न निविदाओं में भागीदारी के वक्त समर्पित किया जा चुका है एवं इसकी सत्यता की जाँच विभागीय स्तर से स्वयं हीं की जा सकती है। <br>पुनः यह कार्य भवन निर्माण विभाग का ही है एवं वास्तविकता में हमारे द्वारा विषयांकित निविदा में वांछित सभी कार्य किये गए हैं, अतः पारदर्शी निविदा निष्पादन एवं नैसर्गिक न्याय के आलोक में इस संबंध में further clarification की मांग की जानी चाहिए थी एवं हमें तकनीकी बीड मूल्यांकन में न्यायोचित निर्णय लेते हुए सफल घोषित किया जाना चाहिए ताकि योग्य, सक्षम एवं समर्थ निविदादाता को विषयांकित निविदा में प्रतिस्पर्धा का उचित मौका मिल सके। | |

| | |
|---|---|
| issued by employer not below their rank of Executive Engineer or Senior Project Manager.<br>In case of Private client the completion certificate and valuation of the projects issued by employer should be evaluated & certified by the retired Executive Engineer/Registered Valuer of Nationalized Bank/Insurance Company /Income Tax Department. The bidder shall have to also submit good quality digital photographs of the completed projects.<br>उपरोक्त कंडिका के आलोक में सर्वप्रथम यह समर्पित करना चाहेंगें कि परामर्शी के अनुभव हेतु कोई अवधि निर्धारीत नहीं की गई है बल्कि केवल कार्य अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने का प्रावधन है अतः "Kothari Associates Pvt. Ltd. का अनुभव प्रमाण-पत्र के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक 30.11.2025 से पिछले पाँच वर्ष के पूर्व का पाया गया", के आधार पर हमारी निविदा को तकनीकी बीड मूल्यांकन में असफल घोषित करना सर्वथा अनुचित एवं आधारहीन है।<br>भवदीय अवगत हैं कि Kothari Associates Pvt. Ltd एक अनुभवी एवं सफल परामर्शी संस्था है। Kothari Associates Pvt. Ltd के द्वारा पूर्ण किए गए कार्य का पूर्णता प्रमाण पत्र इस आपत्ति प्रतिवेदन के साथ पुनः संलग्न की जा रही है।<br>भवदीय को यह भी सूचित करना चाहेंगें कि विगत कुछ समय पूर्व हीं इन्हे भवन निर्माण विभाग, राँची, झारखण्ड में हीं लगभग 500 करोड़ के किसी परियोजना में परामर्शी नियुक्त किया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि Kothari Associates Pvt. Ltd के पास लगभग 500 करोड़ की परियोजना में परामर्शी नियुक्त होने की योग्यता है।<br>भवदीय से निवेदनपूर्वक अवगत करना चाहेंगें कि विषयांकित निविदा में परामर्शी के चयन की प्रक्रिया निविदा निष्पादन के पश्चात अर्थात वित्तिय बीड के मूल्यांकन के बाद न्यूनतम सफल निविदादाता चयनित होने के बाद प्रारम्भ होती है तथा तीनों परामर्शी के द्वारा विभागीय निविदा समिति के समक्ष detailed representation प्रस्तुत करने के पश्चात कार्य निष्पादन में तीनों परामर्शियों में से मात्र एक परामर्शी का चयन किये जाने का प्रावधान है। चूंकि तीनों परामर्शी में से सिर्फ एक का हीं चयन न्यूनतम सफल निविदादाता के चयन के पश्चात किया जाना है, अतः विभागीय निविदा समिति के द्वारा इस आधार पर कि "Kothari Associates Pvt. Ltd. का अनुभव प्रमाण-पत्र के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक 30.11.2025 से पिछले पाँच वर्ष के पूर्व का पाया गया", हमारी निविदा को तकनीकी बीड मूल्यांकन में असफल घोषित किया जाना सर्वथा अनुचित एवं नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है।<br>अतः भवदीय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त समर्पित तथ्यों के आलोक में हमारे द्वारा समर्पित निविदा तकनीकी अहर्ता को पूर्ण करता है, एवं हमारी निविदा को नैसर्गिक न्याय एवं जनहित में रिस्पॉन्सिव घोषित करने की कृपा करें ताकि योग्य, सक्षम एवं समर्थ निविदादाता को प्रतिस्पर्धा में उचित मौका प्राप्त हो सके। | |

14.2 परिवादी **Bijesh Mohanty** ने ईमेल (**bijeshmohanty1@gmail.com**) द्वारा दिनांक 10.02.2026 अपराह्न 05:27 बजे निविदाकार SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED पर परिवाद दिया गया है:-

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवादी ने Chief General Manager(P&C), Odisha Industrial Infrasturucture Development Corporation के पत्रांक 1314 दिनांक 12.01.2024 के द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश को संलग्न करते हुए निविदाकार SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED के Debarrement हेतु सूचना दी गयी है।

प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत् है:-

| परिवादी **Bijesh Mohanty** ने ईमेल (**bijeshmohanty1@gmail.com**) द्वारा आपत्ति | प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवादी ने Chief General Manager(P&C), Odisha Industrial Infrasturucture Development Corporation के पत्रांक 1314 दिनांक 12.01.2024 के द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश को संलग्न करते हुए निविदाकार SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED के Debarrement हेतु सूचना दी गयी है। | प्राप्त आपत्ति के बिन्दुओं पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विस्तृत समीक्षा की गयी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार **SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED** के Debarrement हेतु Chief General Manager(P&C), Odisha Industrial Infrasturucture Development Corporation के पत्रांक 1314 दिनांक 12.01.2024 के द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश को सत्यापन एवं Debarrement Status हेतु Chief General Manager(P&C), Odisha Industrial Infrasturucture Development Corporation को दिनांक 13.02.2026 को ईमेल के माध्यम से पृच्छा की गयी। उक्त ईमेल के प्रत्युउत्तर में Chief General Manager(P&C), Odisha Industrial Infrasturucture Development Corporation के द्वारा दिनांक 27.02.2026 को ईमेल के माध्यम से यह सूचित किया गया कि निविदाकार SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED के डिबार में रहने की अवधी दिनांक 12.01.2024 से दिनांक 12.01.2026 तक है।<br>विषयांकित कार्य का निविदा आमंत्रण की तिथि 09.12.2025 एवं निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 16.01.2026 है। इस प्रकार निविदाकार **SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED** निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से पूर्व डिबार मुक्त पाया गया।<br>अतएव समीक्षोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के आलोक में जाँचोपरांत सर्वसम्मति प्राप्त परिवाद को खारिज करते हुए अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। |

16. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-</u>

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार M/S ADYARAJ DEVELOPERS PVT. LTD से प्राप्त आपत्ति को खारिज करते हुए अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखते हुए इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा **"नन-रिस्पॉन्सिव"** एवं परिवादी **Bijesh Mohanty(bijeshmohanty1 @gmail.com)** के द्वारा निविदाकार M/S SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED पर दिये गये परिवाद के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा

जाँचोपरांत प्राप्त परिवाद को खारिज करते हुए अपने पूर्व के निर्णय को यथावत रखते हुए निविदाकार M/S SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED को **"रिस्पॉन्सिव"** घोषित किया गया।

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के सफल निविदाकार (i) **BPC INFRAPROJECTS PVT. LTD., UNIT-11, GALAXIA MALL, 2ND FLOOR, PISKA MORE, RATU ROAD, RANCHI-834005, JHARKHAND (BCD CLASS-1 REG NO.:1240030 VALID UPTO:09.05.2029)** (ii) **SARYUG GAUTAM CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED., MIG HOUSE NO.-H1-165, HARMU HOUSING COLONY, NEAR KADRU MORE, RANCHI-834002, JHARKHAND एवं** (iii) **DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-83400 (BCD CLASS-1 REG NO.:1220064 VALID UPTO:10.08.2027)** का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

17. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरात विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 06.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है एवं मुख्य अभियंता(पटना) को प्राधिकृत किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sd/- 24/3/26 | Sd/- 24/3/2026 | Sd/- 24/3/26 | Sd/- 24/3/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (ब्रजेश कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना | मुख्य अभियंता(पटना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-8/2025- 883(P) पटना, दिनांक- 25/03/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 25/3/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना